पी0सी0 मिश्र
वित्त अधिकारी

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007
(0522)2740402

पत्रांक-2165/F0
दिनांक- 11-10-17

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य/प्रबन्धक,
लखनऊ विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालय,
लखनऊ।

विषय– विश्वविद्यालय में ऑनलाईन फीस जमा प्रणाली के संबंध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालय अपने परीक्षा संबंधी विविध शुल्को जैसे बैक पेपर/परीक्षा शुल्क/एक्जेम्पटेड आदि का भुगतान विश्वविद्यालय के ऑनलाईन फीस प्रणाली के माध्यम किये जाने हेतु इस कार्यालय के पत्र सं 460–510/एफओ दिनांक 04 जून 2016 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस प्रणाली द्वारा समस्त संबद्ध महाविद्यालय उपरोक्त शुल्क लखनऊ विश्वविद्यालय के वेबसाईट **lkouniv.ac.in** पर उपलब्ध लिंक **Online Fees submission** के माध्यम से नेटबैंकिंग/ डेबिट व क्रेडिट कार्ड/ आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. अथवा एच.डी.एफ.सी. के किसी शाखा में वेबसाईट के माध्यम से प्रिंटेड चालान के साथ कैश के माध्यम से जमा कर सकते हैं। <u>ऑनलाईन फीस जमा करने हेतु पूर्व की भांति उपरोक्त मदों की देय धनराशि की जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग/कुलसचिव कार्यालय से प्राप्त करनी होगी जिसके पश्चात विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर ऑनलाईन फीस संबंधी लिंक द्वारा उपरोक्त वर्णित किसी माध्यम द्वारा शुल्क जमा किया जा सकता है।</u> संबद्ध महाविद्यालय अपने आर.टी.जी.एस/ एन.ई.एफ.टी. का चालान विश्वविद्यालय के उपरोक्त वेबसाईट द्वारा निकालकर किसी भी प्रकार के विविध फीस अपने बैंक खाते के माध्यम से आरटीजीएस/ एन.ई.एफ.टी कर सकते हैं। शुल्क जमा करने की प्रक्रिया विस्तृत रूप से वेबसाईट पर उपलब्ध कराई जा रही है। शुल्क रसीद पूर्व की भांति प्री–प्रिंटेड रसीद पर न होकर सादे कागज पर निकाली जायेगी जिसे महाविद्यालय स्वयं प्रिंट कर सकते हैं। शुल्क की पुष्टि रसीद पर अंकित संदर्भ संख्या का मिलान उस रसीद के वेबसाईट पर उपलब्ध संदर्भ संख्या से करके किया जा सकता है। वर्तमान में महाविद्यालय अपने परीक्षा व बैक पेपर आदि शुल्कों का भुगतान आरटीजीएस/ एनईएफटी के माध्यम से कर कैशियर

कार्यालय से रसीद प्राप्त करते हैं। **यह सुविधा समाप्त की जा रही है।** उपरोक्त फीस उपर्युक्त वर्णित विधि से ऑनलाईन प्रणाली द्वारा किया गया भुगतान पर ही रसीद दिया जायेगा। शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा अथवा तकनीकी जानकारी हेतु फीस हेल्पलाईन नंबर **7991200658** पर संपर्क किया जा सकता है।

भवदीय

/

(प्रो0 पी0सी0 मिश्र)
वित्त अधिकारी

पत्रांक: 2165/प0 2010 दिनांक उक्तवत। 11-10-17

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपतिजी के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, लविवि को सूचनार्थ प्रेषित।
3. परीक्षा नियंत्रक, लविवि।
4. निदेशक, आई0पी0पी0आर0।
5. उपकुलसचिव, प्रवेश/संबद्धता, लविवि।
6. सहायक कुलसचिव, लेखा।
7. प्रभारी, वेबसाईट/डीटीपी सेल।
8. कैश अधीक्षक, प्रथम व द्वितीय परिसर, कैशियर कार्यालय।

P.C. Mishra

(प्रो0 पी0सी0 मिश्र)
वित्त अधिकारी